हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, सोमवार, 19 मई 2025

11 सीवरेज सिस्टम ठीक करने में जुटा विभाग



12 बाजारों में पीली पट्टी गायब लापरवाही से लग रहा जाम





**खबर संक्षेप**

## क्रॉस एग्जामिनेशन की जानकारी दी

**भिवानी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन व जिला एवं सत्र न्यायधीश डी. आर. चालिया निर्देशानुसार सीजेएम कम सचिव पवन कुमार की अध्यक्षता में एडीआर सेंटर के सभागार में एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण क्रॉस एग्जामिनेशन विषय पर केंद्रित था जिसमें सभी कानूनी सहायता रक्षा सलाहकारों व अधिकारियों को महत्वपूर्ण प्रक्रिया की गहराई से जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन अधिवक्ता राजकुमार गुगनानी ने क्रॉस एग्जामिनेशन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि क्रॉस एग्जामिनेशन न केवल सच्चाई को उजागर करने का एक सशक्त माध्यम है, बल्कि यह न्यायिक प्रक्रिया में निष्पक्षता लाने का भी एक प्रभावी साधन है। उन्होंने बताया कि क्रॉस एग्जामिनेशन की तैयारी कैसे की जाए।



**भिवानी।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की बैठक को संबोधित करते वक्ता। फोटो : हरिभूमि

## बहुउद्देशीय वर्ग के कर्मचारियों ने की बैठक

**भिवानी।** बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन की राज्य कार्यकारिणी की बैठक राज्य प्रधान शर्मिला देवी भिवानी की अध्यक्षता में हुई। बैठक का मंच संचालन महासचिव सहदेव आर्य सांगवान ने किया। बैठक में राज्य कमेटी के पदाधिकारियों के अलावा संगठन के सभी जिला प्रधान, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ साथियों सहित अनेक कर्मचारियों ने भी भाग लिया। बैठक में बहुउद्देशीय वर्ग के कर्मचारियों के सभी मुद्दों पर सभी पदाधिकारियों ने विस्तृत चर्चा की। बैठक के बाद राज्य प्रधान एवं महासचिव ने प्रेस को दिये ब्यान में बताया कि बैठक में सांगठनिक एवं मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें मुख्यतः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में कार्यरत महिला बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों अनुसार वेतनमान व भत्तों का लाभ दिलवाना हैं।

## डिजाइन एवं तकनीकी विकास कार्यशाला संपन्न

**लोहारू।** गांव सोहांसड़ा में वस्त्र मंत्रालय के अधीन विकास आयुक्त हैंडीक्राफ्ट कार्यालय तथा हस्तशिल्प सेवा केंद्र, रेवाड़ी के तकनीकी मार्गदर्शन में तथा गौड़ एजुकेशन एंड वेलफेयर इंस्टीट्यूट के तत्वावधान में आयोजित 50 दिवसीय डिजाइन एवं तकनीकी विकास कार्यशाला गत दिवस संपन्न हो गई। इस कार्यशाला के दौरान महिलाओं को हस्तशिल्प कला का प्रशिक्षण दिया गया तथा ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। दरी निर्माण से जुड़े 30 चयनित कारीगरों ने भाग लिया। विकास आयुक्त हैंडीक्राफ्ट पैनल डिजाइनर निष्ठा चुघ और मास्टर क्राफ्ट पर्सन मुनेश द्वारा कारीगरों को डिजाइन, नवाचार, रंग संयोजन, कच्चे माल की गुणवत्ता, उत्पादन प्रक्रिया, ब्रांडिंग और ई-कॉमर्स से जोडऩे संबंधी गहन प्रशिक्षण दिया गया। सेवी निदेशक सीबी शर्मा और बैंक प्रबंधक जांगड़ा ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किए।

### मुक्केबाजी प्रतियोगिता में दिखाया दमखम

# स्वर्ण पदक जीतने वाली निशा का किया स्वागत

**गोल्डन गर्ल मुक्केबाज निशा का गांव इमलोटा में जोरदार स्वागत, मेहनत एवं प्रतिभा के दम पर विश्व स्तर पर बेटियों ने बनाई अलग पहचान: डॉ. कलकल**

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** खेलों इंडिया मुक्केबाजी में स्वर्ण पदक जीतने वाली निशा का स्वागत करती डॉ. किरण कलकल। फोटो : हरिभूमि

चरखी दादरी क्षेत्र के युवक-युवती न केवल शिक्षा, बल्कि खेलों के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के दम पर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन कर रहे है। इसी कड़ी में बीते दिनों बिहार में हुई खेलों इंडिया मुक्केबाजी प्रतियागिता में गांव सांतौर की मुक्केबाज निशा ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन कर अंडर-17 आयुवर्ग में खेलते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। पदक विजेता खिलाड़ी निशा का रविवार को गांव सतगामा खाप ने गांव इमलोटा में पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सरपंच रामनिवास, प्रवीण चेयरमैन, राजेश सहित अनेक खेलप्रेमी मौजूद रहे। स्वर्ण पदक विजेता मुक्केबाज निशा को सम्मानित करने भाजपा की पूर्व जिलाध्यक्ष एवं गोहाना प्रभारी डॉ. किरण कलकल पहुंची तथा निशा की उपलब्धि को अन्य बेटियों के लिए प्रेरणादायी बताया। डॉ. किरण ने कहा कि आज बेटियों ने अपनी मेहनत एवं प्रतिभा के दम पर विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है तथा ये सब बेटियों को मिलने वाले प्रोत्साहन एवं उत्साहवर्धन के कारण संभव हो पाया है, जिसका उदाहरण एक बार फिर से मुक्केबाज निशा ने देने का काम किया है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपनी बेटियों को उनकी प्रतिभा अनुसार आगे बढ़ने का अवसर दें, ताकि वे भी मुक्केबाज निशा की तरह ही क्षेत्र को गौरवांवित कर सकें।

# भारतीय सेना के पराक्रम को नमन किया

- सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना का माध्यम बन चुकी अढ़ाई कोसी परिक्रमा : महंत चरणदास

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** अढ़ाई कोसी परिक्रमा में शामिल महंत चरणदास महाराज व अन्य श्रद्धालु।

हनुमान जोहड़ी मंदिर धाम व युवा जागृति एवं जनकल्याण मिशन ट्रस्ट द्वारा बालयोगी महंत चरणदास महाराज के नेतृत्व में हनुमान जन्मोत्सव से शुरू की गई 41 दिवसीय अढ़ाई कोसी परिक्रमा रविवार को 37वें दिन भी जारी रही और 37वां दिन भारतीय सेना को समर्पित रहा।

इस विशेष अवसर पर अनेक श्रद्धालुओं ने न केवल धार्मिक आस्था के साथ परिक्रमा की, बल्कि देशभक्ति की भावना से भी सराबोर नजर आए। परिक्रमा मार्ग पर जगह-जगह तिरंगे लहराए गए और भारतीय सेना के शौर्य व पराक्रम को नमन किया। महंत चरणदास ने बताया कि वृंदावन, मथुरा, और बरसाना जैसी विभिन्न धार्मिक नगरी में निकाली जाने वाली कोसी परिक्रमा की तर्ज पर छोटी काशी में शुरू की गई अढ़ाई कोसी परिक्रमा में भी रोजाना भारी तादात में श्रद्धालु हिस्सा ले रहे है तथा शहर के सभी 12 ऐतिहासिक दरवाजों सहित छोटी काशी के विभिन्न मंदिरों के बारे में जानकारी हासिल कर रहे है। उन्होंने बताया कि भारतीय सेना द्वारा आतंकवाद के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर 37वें दिन यह यात्रा भारतीय सेना को समर्पित रही।

**वंदे मातरम की गूंज सुनाई दी**

इस दौरान परिक्रमा मार्ग पर जय जवान और वंदे मातरम के नारे गूंजते सुनाई दिए। उन्होंने कहा कि परिक्रमा केवल धार्मिक यात्रा नहीं, बल्कि सामाजिक और राष्ट्रीय चेतना का माध्यम भी बन चुकी है। अढ़ाई कोसी परिक्रमा का पहलू दर्शाता है कि कैसे धार्मिक आस्थाएं देशप्रेम से जुड़कर नई मिसाल कायम कर सकती हैं।

# विधायक सांगवान ने सुनीं शिकायतें

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** जनता दरबार में समस्या सुनते विधायक सुनील सांगवान।

विधायक सुनील सांगवान ने कैंप कार्यालय में जनता दरबार लगाकर जनता की फरियाद सुनीं। इस दौरान विधायक ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र का विकास करवाना उनका कर्तव्य है और उनका प्रयास है कि दादरी हलका हरियाणा का अग्रणी हलका बने, जिसके लिए वे हमेशा प्रयासरत रहेंगे। विधायक सुनील सांगवान ने रविवार को कैंप कार्यालय में लगाये जनता दरबार में एक-एक करके सभी की समस्याएं सुनीं और कुछ का मौके पर निराकरण करा दिया। बाकी के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक ने कहा कि वे जनता की समस्याओं का निराकरण करने व क्षेत्र के विकास को लेकर समर्पित हैं। लोगों की समस्याएं और सर्व समाज की सेवा ही उनकी राजनीति का मकसद है। विधायक ने कहा कि विकास के मामले में दादरी प्रदेश का सबसे अग्रणी हलका बनेगा।

## श्री श्याम गुणगान महोत्सव 21 को

**बहल।** श्री श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट बहल द्वारा 21 जून को खाटू वाले श्री श्याम बाबा का श्री श्याम गुणगान महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव में बाहर से आए गायक कलाकार मनोहारी भजनों से बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे। मंडल पदाधिकारी राहुल शर्मा ने बताया कि 21 जून को बाबा का महोत्सव कस्बे की कृष्ण वाटिका में आयोजित होगा। इसमें सूरजगढ धाम के पुजारी हजारीलाल इंदौरिया व विनोद इंदौरिया का पावन सानिध्य रहेगा। जागरण में जयपुर से साक्षी अग्रवाल व संजू शर्मा, सूरजगढ से सुनील शर्मा, हिसार से विजय राजपूत बाबा की महिमा का गुणगान करेंगे।

# भारत शांति प्रिय देश, मगर कमजोर नहीं

- जोगीवाला शिव मंदिर धाम से सेना तुम्हें सलाम पखवाड़े का शुभारंभ
- भारत अपनी रक्षा के लिए हथियार उठाना एवं चलाना जानता है : वेदनाथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** जोगीवाला शिव मंदिर में सेना तुम्हें सलाम पखवाड़े के शुभारंभ पर महंत वेदनाथ महाराज व अन्य श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

भारतीय सेना और सैनिकों के पराक्रम को लेकर छोटी काशी के जोगीवाला शिव मंदिर धाम में भारतीय सेना तुम्हें सलाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जोगीवाला मंदिर के महंत वेदनाथ महाराज का विशेष सान्निध्य रहा। पिछले 28 वर्षों से राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा, सेना और सैनिकों के सम्मान में अलख जगाने वाली नेताजी सुभाषचंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति के एक पखवाड़े तक सेना तुम्हें सलाम कार्यक्रम का शुभारंभ किया, जिसमें राष्ट्रीय ध्वज के साथ सेना व महान सैनिकों के शौर्य और सैनिकों के त्याग और बलिदान को सम्मान दिया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियों व युवाओं को पता चले कि भारत किस प्रकार की ताकत है और भारत के सैनिक ईंट का जवाब पत्थर से देना जानते हैं। महंत वेदनाथ महाराज ने कहा कि जब जब भी पाकिस्तान जैसे दुश्मन देश ने भारत पर गलत नजर टिकाई तो भारत के सैनिकों ने नापाक नजरों को कुचलने का साहस दिखाया है। महंत वेदनाथ ने कहा कि भारत कोई कमजोर देश नहीं है, भारत एक शांति प्रिय देश और ताकतवर देश है, जब भी भारत पर किसी ने गलत नजरे जमाई है तो उसका भारत ने मुहं तोड़ जवाब देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भारत युद्ध में विश्वास नहीं करता,बल्कि भारत अपनी रक्षा के लिए हथियार उठाता एवं चलाना जानता है। पहलगाम में जो आतंकवादी हमला हुआ और उस हमले में बहन बेटियों के सुहाग को धर्म पूछ कर छिनना कायतापूर्ण कदम था। भारतीय सेना ने बड़े साहस के साथ पाकिस्तान के आतंकवादी ठिकानों को खत्म किया है, देश पराक्रम को पूरी दुनिया ने देख लिया हैं। समिति के अध्यक्ष एवं राष्ट्रपति अवार्डी अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि देश की सेना सरहद पर भारत को महफूज रखे हुए है।

# हनुमान मंदिर में प्रतिमा का अनावरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम



तोशाम स्थित प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर में पंडित रामकिशन महाराज ने रविवार को मंदिर संस्थापक के पूर्वजों की प्रतिमा का अनावरण समारोह आयोजित किया। जिसमें गांव छपार के पूर्व सरपंच नरसिंह सहित तोशाम के विभिन्न गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में प्रतिमाओं का अनावरण किया गया। उल्लेखनीय है कि तोशाम के प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर का निर्माण दशकों पूर्व गांव छपार के सेठ ताराचंद अग्रवाल ने अपने पूर्वजों की याद में करवाया था। जिसका संचालन वर्तमान में अग्रवाल सभा तोशाम द्वारा किया जा रहा है। रविवार को मंदिर परिसर में पंडित रामकिशन ने गांव छपार निवासी तथा मंदिर संस्थापक के पूर्वज सेठ स्वर्गीय प्रभुदयाल अग्रवाल तथा स्वर्गीय अनारी देवी की प्रतिमा का अनावरण किया। इस दौरान पंडित रामकिशन महाराज ने आए हुए अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया तो अतिथियों ने प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया तथा पुष्पांजलि अर्पित की। इस मौके पर ज्योतिषाचार्य कुंज बिहारी शास्त्री, पूर्व सरपंच नरसिंह, तोशाम के पूर्व सरपंच प्रतिनिधि विनोद गोयल, पूर्व बीडीसी चेयरमैन प्रतिनिधि तथा तोशाम अग्रवाल सभा के उप प्रधान नरेश द्वारका, प्रसिद्ध समाजसेवी सुरेश लाठर, प्रवीण आलमपुरिया, आशीष मित्तल छपारिया, रामकिशन गोयल, मोहन तायल, पुनीत सिंघल आलमपुरिया, मनोज ऐरन, सुनील तायल आदि सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

# गोवंश के लिए सवामणी लगाई

- गोवंश की सेवा से पैदा होते करूणा, सेवा, त्याग एवं दान के गुण : कमल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** गायों को स्वामणी का प्रसाद खिलाते भाविप के पदाधिकारी व सदस्य।

भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढ़ींगड़ा शाखा द्वारा रविवार को हालुवास गेट स्थित नंदीशाला में पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी एवं शाखा गतिविधि संयोजक सुरेश कुमार शर्मा के सौजन्य से गोवंश के लिए दलिया व हरा चारा की सवामणी लगाई गई। इस दौरान नंदीशाला में मौजूद करीबन 700 गौवंश की उपस्थित सदस्यों ने अपने हाथों से दलिया सेवा की। परिषद के शाखा अध्यक्ष कमल नयन वशिष्ठ ने कहा कि गौवंश की सेवा न केवल एक धार्मिक परंपरा है, बल्कि ये जीव सेवा, पर्यावरण रक्षा और आत्मिक शुद्धि का मार्ग है। उन्होंने कहा कि यह परंपरा भारतीय संस्कृति की करुणा-प्रधान भावना को दर्शाती है। श्रीसनातन धर्म में गौसेवा को सर्वोच्च सेवा माना गया है तथा सवामणी लगाकर गौवंश की सेवा से व्यक्ति को विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है। सवामणी लगाने से व्यक्ति में करूणा, सेवा, त्याग और दान के गुण विकसित होते हैं। वहीं गौसेवा करने से मन में शांति, संतोष और आध्यात्मिक उन्नति होती है।

# पशु-पक्षी संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत

- पर्यावरण संरक्षण व नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान सबसे बड़ी जरूरत : राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



**भिवानी।** राज्यपाल से मुलाकात करते विधायक सर्राफ व अन्य। फोटो : हरिभूमि

पूर्वमंत्री एवं विधायक घनश्यामदास सर्राफ के नेतृत्व में महात्मा ज्योतिबा फूले धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश सैनी राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय से मुलाकात की और उन्हें ट्रस्ट द्वारा जल, पर्यावरण एवं पशु-पक्षी संरक्षण, स्वच्छता अपनाने व नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों की जानकारी दी। राज्यपाल दत्तात्रेय ने संस्था की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण और पशु-पक्षी संरक्षण आज की सबसे बड़ी जरूरत है और इस दिशा में किए जा रहे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर विधायक घनश्यामदास सर्राफ ने कहा कि आज प्रत्येक जन को जल एवं पर्यावरण संरक्षण व नशे के खिलाफ अभियान से जुड़ना जरूरी है, ताकि समाज में व्याप्त सामाजिक बुराईयों का जड़ से खात्मा किया जा सके तथा इस दिशा में जागरूकता अभियान चलाकर समाजसेवी संस्थाएं काफी सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने संस्था के कार्यो को जनसहभागिता के माध्यम से और अधिक प्रभावी बनाने की सलाह दी।

**कई महत्वपूर्ण कार्य कर रही संस्था**

सैनी ने कहा कि ट्रस्ट ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन, पौधरोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, पशु-पक्षियों की देखभाल जैसे महत्वपूर्ण कार्य कर रही है। इसके अलावा संस्था द्वारा स्वच्छता अपनाने व नशे के खिलाफ भी विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाते है, ताकि प्रत्येकजन को जीवन से जुड़े इन अहम मुद्दों की जानकारी दी जा सकें। इस मौके पर विधायक के पीए ललित चौहान व संजय तंवर मौजूद रहे।

# मानव सेवा ही सच्ची सेवा: साहू

- मॉडल जिला बनाओ संगठन ने लगाए रक्तदान व स्वास्थ्य शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी



मानव सेवा ही सच्ची सेवा है के संकल्प को साकार करते हुए मॉडल दादरी जिला बनाओ संगठन की तरफ से रविवार को गांव मिर्च, सौंफ कासनी एवं दादरी के गुरूद्वारा प्रांगण में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर तथा चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। इसके साथ ही ढ़ाणा नरसिंहवास में रोजगार मेला भी संपन्न हुआ। रक्तदान शिविर का संचालन मोबाइल वैन के माध्यम से किया, जिसमें एम्स बाढ़सा की टीम ने 23 यूनिट रक्त एकत्रित किया। चिकित्सा शिविर में आई क्यू अस्पताल, आई केयर गीताजंलि अस्पताल, नेहा ईएनटी एवं रोग निदान अस्पताल से डॉ. सुरिन्द्र सचदेवा, डॉ. अमृता, डॉ. संजय, डा. गौरव नांदल, डॉ. संतोष, डॉ. स्वाति ने अपनी टीम के साथ सेवाएं प्रदान करते हुए 276 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की तथा उन्हें निशुल्क दवाइयां भी वितरित की। जांच में ईसीजी, बीपी, शुगर टेस्ट, हड्डियों से संबंधित समस्याएं, सामान्य एवं स्त्री रोगों की निशुल्क सेवाएं दी गई।

### कंवर साहेब महाराज ने प्रवचनों से किया निहाल

# गुरु वचन की पालना भक्ति का प्रथम पड़ाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



गुरु जो करता है वो कभी मत करो गुरु जो कहता है वो हमेशा करो क्योंकि गुरु वचन की पालना भक्ति का प्रथम पड़ाव है। संतो के वचन को सुनो फिर उनको गुणों।

संतो की संगत आपको भटकाव से बचाती है। सतगुरु का अनुभव जगत का सार है जो आपके अगत को संवारेगा। यह सत्संग वचन परमसंत सतगुरु कंवर साहेब ने दिनोद गांव में स्थित राधास्वामी आश्रम में साध संगत को फरमाए। हुजूर कंवर साहेब ने कहा कि अपनी आंख कान और मुख का उपयोग सद्गुण ग्रहण के लिए करो। शरीर के ये तीन अंग ही आपकी संगति तय करते हैं। उन्होंने कहा कि महापुरुषों की बानी जीव के कल्याण और लाभ की होती है। संतो की बानी में जीवन का सार छिपा है इसलिए संतों की संगत हृदय के कपाट खोल कर करो। क्या पता उनका कौन सा वचन कब आपका जीवन बदल दे। गुरु महाराज ने फरमाया कि इंसान पर जड़ चेतन की अनेकों गांठे हैं जो उसे माया में जकड़े रखती हैं। संसार के वो सारे पदार्थ जिनके लिए हम भागदौड़ और अभिमान करते हैं भक्ति के लिए कोई मायने नहीं रखते। उन्होंने हैरानी जताते हुए कहा कि घट अंतर में भरे अमीरस कुंड की अनदेखी करके हम दुनियादारी के फीके पानी से अपनी भक्ति रूपी प्यास बुझाने का प्रयास कर रहे हैं। गुरु महाराज ने कहा कि जिस प्रकार टिकट लेकर स्टेशन पर खड़े रहने मात्र से हमारी यात्रा पूर्ण नहीं होती वैसे ही सतगुरु से नाम लेकर उसकी कमाई किए बिना भक्ति यात्रा भी पूर्ण नहीं होती। भक्ति के लिए सांसारिक बंधनों से मुक्त होना पड़ेगा। इस मुक्ति के अनेकों साधन हैं। मनसा वाचा कर्मणा शुद्ध होना पड़ेगा। तन मन धन का अर्पण करना पड़ेगा। इंसान के पास तन और धन बेशक ना हो लेकिन मन हर एक के पास है। मन को साध कर हम तन और धन की कमी को भी पूरा कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप




### प्रज्ञा स्कूल का परीक्षा परिणाम रहा सर्वश्रेष्ठ

**चरखी दादरी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में प्रज्ञा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। विद्यालय की मेधावी छात्रा दीपिका ने 493 अंकों के साथ विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। श्रुति और महक ने संयुक्त दूसरा स्थान हासिल किया है। दोनों ने 98 प्रतिशत अंक लिए। स्कूल के 95 विद्यार्थी मेरिट लिस्ट में आए हैं। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक युद्धवीर सिंह अहलावत, प्रबंधन समिति सदस्य सदाराम डबास, एवं प्रधान श्री कृष्ण जेवली ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

### तोशाम को पर्यटन स्थल से व्यापार और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा

**तोशाम।** प्रदेश का विस क्षेत्र तोशाम कृषि आधारित क्षेत्र है, तोशाम क्षेत्र में रोजगार का अभाव है। पर्यटन विकास मंच के चेयरमैन राजेश गारनपुरा ने कहा की तोशाम क्षेत्र का नाम धार्मिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों में अंकित है। हरियाणा प्रदेश को पर्यटन हब बनाने के लिए मंच ने सिद्ध पीठ बाबा मुंगीपा नगरी तोशाम से ही सरकार से मांग उठाई थी। हरियाणा सरकार ने अन्य क्षेत्र पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की है लेकिन तोशाम क्षेत्र की और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। तोशाम को पर्यटन स्थल बनाए जाने के लिए व्यापारियों और क्षेत्र वासियों से सहयोग करने के लिए चेयरमैन राजेश गारनपुरा ने कहा कि हमारा मुख्य उद्देश्य तोशाम क्षेत्र में रोजगार को कैसे बढ़ाया जाए।

# सीवरेज सिस्टम ठीक करने में जुटा विभाग

### सुपर सकर मशीन से की जा रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

मानसून के मध्यनजर डीसी महावीर कौशिक के आदेशानुसार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग शहर में सीवरेज सिस्टम का स्वास्थ्य ठीक करने में जुटा हुआ है। सुपर सकर मशीन द्वारा सर्कुलर रोड पर रात के समय सीवरेज लाइन की सांसें खोली जा रही हैं।

आमजन की सुविधा के चलते सफाई अभियान रात के समय पुरजोर से चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि जुलाई महीने के प्रथम सप्ताह में मानसून की बारिश शुरू हो जाती है। बरसाती पानी की निकासी के लिए शहर में नालों और



**भिवानी।** रात के समय सीवर की सफाई करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

सीवर लाइनों का दुरुस्त होना जरूरी है, ताकि पानी की निकासी निर्बाध रूप से हो और शहर में कहीं भी जल भराव या सीवरेज लाइनों में ओवरफ्लो की स्थिति ना बने। मानसून के मध्यनजर ही हाल ही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने प्रदेश भर के उपायुक्तों को वीसी के माध्यम से निर्देश दिए थे कि शहरों और कस्बों में सीवरेज लाइनों और नालों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें। बारिश के दौरान पानी की निकासी नियमित रूप से होनी चाहिए। आबादी वाले क्षेत्रों में कहीं भी अधिक समय तक पानी जमा ना हो, इसके लिए अभी से प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री के आदेशानुसार डीसी महावीर कौशिक ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, सिंचाई विभाग और शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को बाकायदा शेड्यूल बनाकर उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले नालों, ड्रेन आदि पानी निकासी के सिस्टम को दुरुस्त करने के निर्देश दिए ताकि बरसात के दौरान जलभराव न हो।

#### दिल्ली से पहुंची सुपर सकर मशीन

डीसी के आदेश मिलते ही जिला में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने उनके क्षेत्र में आने वाले सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त करना शुरू कर दिया है। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षक अभियंता दलबीर फौगाट ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग द्वारा गहरी सीवरेज लाइनो की सफाई के लिए दिल्ली से सुपर सकर मशीन मंगवाई गई है, जिससे रात के समय सफाई कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सुपर सकर मशीन से सर्कुलर रोड पर सीवरेज लाइन की सफाई करवाई जा रही है। देवसर चुंगी पर मेन पंपिंग स्टेशन से हालुवास गेट क्षेत्र में कार्य किया गया है। शहर में कुछ कार्य जेसीबी मशीन से तथा बहुत ही कम गहरे कुछ नालों का कार्य सफाई कर्मचारियो द्वारा भी करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सीवरेज लाइनों और नालों में जमी गाद को निकाला जा रहा है। थोड़ा सा सूखने के बाद गाद को जेसीबी मशीनों द्वारा उठाया जा रहा है।

#### 30 जून तक पूरा करना होगा काम

उपायुक्त महाबीर कौशिक ने बताया कि 30 जून तक सफाई का कार्य पूरा करवाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए वे स्वयं जाकर सफाई कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं। मानसून के मध्यनजर भिवानी शहर और कस्बों में सीवरेज लाइन सिस्टम की सफाई का कार्य करवाना जरूरी है ताकि बरसात के दौरान पानी की निकासी आसानी से हो सके। इसके लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। सफाई कार्य की मॉनिटरिंग भी करवाई जा रही है।

### बुजुर्गों के बताए रास्ते पर चले तो समाज का कल्याण संभव : सरफि

# 35 लाख रुपये से बनेंगे शहीद मथन सिंह और महाराजा मीहिर भोज चौक

### विधायक घनश्याम सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि ने नारियल फोड़कर कराया कार्य का शुभारंभ

- पंडित नेकीराम शर्मा तथा महाराजा नीमपाल सिंह चौक की मरम्मत के कार्य का भी शुभारंभ करवाया
- दोनों जगहों पर विधायक व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने शिलान्यास के बाद लोगों का मुंह मीठा करवाया।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

रविवार को विधायक घनश्याम सर्राफ व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने नगरपरिषद की तरफ से बनने वाले बापौड़ा चौक पर बनने वाले शहीद मंथन सिंह तथा देवनगर में बनने वाले महाराजा मीहिर भोज चौक का नारियल फोड़कर शुभारंभ करवाया। दोनों जगहों पर विधायक व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने शिलान्यास के बाद लोगों का मुंह मीठा करवाया।

इनके अलावा पंडित नेकीराम शर्मा तथा महाराजा नीमपाल सिंह चौकको मरम्मत के कार्य का भी शुभारंभ करवाया। उक्त चौक के निर्माण व सुधारीकरण पर करीब 35 लाख रुपये की लागत आएगा। उक्त सारा खर्च नगरपरिषद वहन करेगी। इनके अलावा इन सभी चौक व चौराहों का सौंदर्यकरण का भी कार्य करवाया जाएगा। ताकि शहर में बाहर से आने वाला हर व्यक्ति इन चौक व चौराहों को देखकर गदगद हो जाए तथा शहर सुंदर भी लगे। इनके अलावा शहर के अन्य चौक व चौराहों का भी सौंदर्यकरण का कार्य जारी है। जिन जगहों पर चौकों का शिलान्यास किया गया है,वहां से पार्षद सूर्या तंवर व महाबीर सिंह के वार्ड है। इस मौके पर पार्षद सुभाष तंवर, संदीप यादव, पवन, सतेंद्र मोर, संदीप सिंह के अलावा अनेक पार्षद मौजूद थे।

#### नशा नाश की जड़: विधायक



विधायक घनश्याम सर्राफ ने चौक के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बड़े बुजुर्गों के जीवन व उन द्वारा बताए गए रास्ते पर चलने से ही समाज का भला हो सकता है। साथ ही उन्होंने नशे से बचने की नसीहत दी और कहा कि नशा नाश की जड़ है। एक बार जिस व्यक्ति या युवक को नशा जकड़ लेता है। उसकी शांति तो भंग हो ही जाती है। साथ में उसका पूरा परिवार परेशान हो जाता है। नशा से खुद बचे और दूसरों को भी बचने के लिए जागरूक करें। उन्होंने बताया कि भिवानी के विकास में कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। लोग सार्वजनिक कार्य लेकर उनको प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाया जाएगा।

#### फुव्वारें लगेंगे

नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि बापोडा रोड पर शहीद मथन सिंह तथा देवनगर में महाराजा मीहिर भोज के नाम से चौक का शिलान्यास किया गया है। दो चौक की मरम्मत करवाई जाएगी। इनके अलावा इन सभी चौकों पर फुव्वारें व रंगीन लाइटें लगवाई जाएगी। ताकि शाम के समय ये सभी चौक व चौराहो बहुत ही सुंदर लगेंगे।



**भिवानी।** विजेता निशा को सम्मानित करते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# गोल्ड मेडल विजेता निशा का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

खेलो इंडिया की गोल्ड मेडल विजेता एचडी स्कूल बिरोहड़ की पूर्व छात्रा निशा सांतौर के सम्मान में समारोह का आयोजन किया। समारोह में सांतौर पहुंचने पर सतगामा खाप व खेल प्रेमियों ने स्वागत किया गया।

ग्राम पंचायत सांतौर की तरफ से 21 हजार रुपये देकर सम्मानित किया व एचडी स्कूल बिरोहड़ की पूर्व छात्रा निशा सांतौर को एचडी स्कूल के निदेशक बलराज फौगाट ने 21 हजार रुपये का नकद पुरस्कार देकर सम्मान किया। बलराज फौगाट ने बताया कि गोल्डन गर्ल निशा ने पटना में आयोजित खेलों इंडिया में 65 किलोग्राम भार वर्ग बॉक्सिंग में गोल्ड मेडल हासिल किया है। निशा ने अभी फिलहाल हाल ही में लगभग 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर सीबीएसई की बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण की है। इस मौके पर डॉ. किरण कलकल, डॉ. मनीषा सांगवान, पार्षद रविन्द्र चरखी, राकेश कलकल, मोरवाला सरपंच, सांतौर सरपंच, सरुपगढ़ सरपंच व पूर्व चेयरमन प्रवीन इमलोटा, 12 सतगामा खाप के प्रधान, सरपंच प्रवीन कुमार, पूर्व सरपंच सतबीर सिंह आदि उपस्थित थे।

# आदर्श स्कूल का परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बवानीखेड़ा

आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा का कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में विद्यालय के कक्षा 10वीं के सारे विद्यार्थी उत्तीर्ण रहे। विद्यालय निदेशक विकास यादव व प्रधानाचार्य ताराचंद यादव ने सभी अध्यापकों व विद्यार्थियों को शानदार परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दी व विद्यार्थियों के उज्जवल



**भिवानी।** बेहतरीन रिजल्ट आने पर खुशी मनाते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

भविष्य की कामना की। उप प्रधानाचार्य प्रवीण कुमार ने परीक्षा परिणाम की जानकारी देते हुए बताया कि कुल 65 विद्यार्थियों ने बोर्ड की मेरिट सूची में अपना नाम दर्ज करवाया है, जिसमें दीक्षा पुत्री श्री विकास यादव ने 489 अंक प्राप्त करके विद्यालय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया। गौरी पुत्री मनोज ने 487 अंक प्राप्त करके दूसरा व चेतना पुत्री श्री अशोक और यश पुत्र चंद्रेश कुमार ने 484 अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान हासिल किया। इसके अलावा यश, अर्चना व हिमांशी ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करके विद्यालय का नाम रोशन किया। कुल 7 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। शानदार परीक्षा परिणाम के लिए समस्त स्टाफ सदस्यों ने बच्चों व अभिभावकों को बधाई दी।

### 12 बोतल अवैध शराब के साथ एक काबू

**लोहारू।** लोहारू थाना पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को 12 बोतल अवैध देशी शराब के साथ काबू किया है। पकड़े गए युवक पवन कुमार के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को गांव खरकड़ी में एक युवक द्वारा अवैध देशी शराब बेचे जाने की गुप्त सूचना मिली थी। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके पर छापा मारा था।

# स्नेहा ने 96 फीसदी अंक लिए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में सरस्वती बाल मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अटेला के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन कर इतिहास रचा है।

निदेशक जगदीश सांगवान ने बताया कि विद्यालय में 10वीं कक्षा के तीन बच्चे 90 प्रतिशत से अधिक और 10 बच्चे ने 80 प्रतिशत से ज्यादा अंक प्राप्त किया है।



सोनिया



दीपांशी

विद्यालय की छात्रा स्नेहा ने 96 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान पर रही।

सोनिया मेंचू ने 92 प्रतिशत और दीपांशु पुत्री राजवीर गांव अटेला कला 90 प्रतिशत अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही खुशी पुत्री सुरेश अटेला नया 89.4 प्रतिशत अंक लेकर चौथे स्थान पर रही इस शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय निदेशक जगदीश सांगवान ने सभी विद्यालय के बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों व आसपास के क्षेत्र के लोगों के सहयोग के लिए बधाई दी इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य योगेश सांगवान ने विद्यालय के पूरे स्टाफ को बधाई दी।

### भारतीय समाजसेवा दल के शिविर में 25 युवाओं ने किया रक्तदान



**भिवानी।** जैसे-जैसे पारा चढ़ रहा है, शहर के अस्पतालों में रक्त की मांग भी तेजी से बढ़ रही है। बढ़ती गर्मी और हीट स्ट्रोक के मामलों में इजाफे के चलते ब्लड बैंकों में रक्त की कमी देखी जा रही है। इस चुनौती से निपटने के लिए भारतीय समाज सेवा दल द्वारा पुराना बस स्टैंड स्थित फ्रीडम ब्लड बैंक में रविवार को रक्तदान शिविर लगाया। शिविर की अध्यक्षता सेवा दल के अध्यक्ष सचिन सिंगला ने की। इस दौरान 25 लोगों ने रक्तदान किया तथा जरूरतमंद मरीजों को बचाने के अभियान में सहयोग किया। शिविर में सभी रक्तदाताओं को अतिथियों ने बैज लगाकर व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। सेवा दल के अध्यक्ष सिंगला ने कहा कि गर्मी के मौसम में सड़क दुर्घटनाओं, डिहाइड्रेशन और अन्य मेडिकल आपात स्थितियों की संख्या बढ़ जाती है, ऐसे में नियमित रक्त आपूर्ति बनाए रखना जरूरी है तथा ब्लड बैंकों में रक्त की आपूर्ति बनाए रखने के लिए रक्तदान ही एकमात्र उपाय है। उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल जीवन बचाने का माध्यम है, बल्कि मानवता की सेवा का भी प्रतीक है। सिंगला ने कहा कि रक्तदान शिविर न केवल चिकित्सा क्षेत्र में सहायक होते हैं, बल्कि समाज में सहयोग, मानवता और स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण भी विकसित करते हैं, ये छोटा-सा योगदान किसी के लिए जीवनदान बन सकता है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से रक्तदान करने से रक्त संचार बेहतर, हृदय स्वस्थ और शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया सक्रिय रहती है। इस अवसर पर सचिव निर्मल चमड़िया, राजेन्द्र वर्मा, रमेश बंसल, सुभाष जिंदल, पंकज तायल, मनोज रामपुरिया, विष्णु जिंदल, पवन आलमाल, पवन मित्तल, शुभम जिंदल, पुरूषोत्तम गर्ग, रमेश वर्मा, दीपांशु गोयल, शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** आयोजित शिविर में मुख्यअतिथि महंत प्रदीप गिरी को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# लाइफ लाइन मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल ने लगाया जांच शिविर, 150 का स्वास्थ्य जांचा

**भिवानी।** प्रत्येक जरूरतमंद तक स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के उद्देश्य लाईफ लाईन मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल द्वारा रविवार को खाड़ी मोहल्ला, बुधवारी माता की गली स्थित कुम्हारों की धर्मशाला में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए लाईफ लाईन मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के मैनेजर रत्न तंवर ने बताया कि शिविर मे 150 मरीजों के बीपी, शुगर सहित अन्य सामान्य बीमारियों की जांच फिजिशियन डा. विपुल, ईएनटी सर्जन डा. साकेत जैन, नेत्र विशेषज्ञ डा. गौरव की। शिविर में सान्निध्य बाबा जगन्नाथ धाम लोहारू जाटु से प्रदीप गिरी का रहा। इस मौके पर वेट लिफ्टिंग कोच विनोद प्रजापति ने कहा कि निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर उन लोगों के लिए बेहद फायदेमंद साबित होते है, जो कि स्वास्थ्य खर्च वहन करने में सक्षम नहीं है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से लोग बिना किसी खर्च के अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सकते है, जिससे कई बीमारियों का समय रहते पता लगाया जा सकता है। इसके अलावा ये शिविर लोगों को स्वस्थ जीवन शैली व बेहतर खान-पान अपनो के लिए प्रेरित भी करते है। निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर समाज के हर वर्ग के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक प्रभावी कदम है, जो स्वस्थ समाज निर्माण में योगदान देता है।

### भोजन को डस्टबिन में न फेंके, बन सकता है किसी का निवाला

# भोजन का न करें अपमान, यहीं हैं परमात्मा सम्मान : बीके सुमित्रा

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धिधाम में अन्न पर आध्यात्मिक संगोष्ठी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

परमपिता परमात्मा ने मनुष्य के जीवित रहने के लिए भोजन के रूप में अन्न को दिया है, इसलिए हमें हमेशा भोजन का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि भगवान के द्वारा मनुष्य को दिया गया भोजन प्रसाद हैं। वहीं कभी भी भोजन को व्यर्थ नहीं फेंकना चाहिए, ये बात प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धिधाम प्रमुख राजयोगिनी बीके सुमित्रा बहन ने अन्न पर आयोजित आध्यात्मिक संगोष्ठी में उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कही।

बीके सुमित्रा ने कहा कि मनुष्य को जितनी भूख हो उतना ही भोजन अपनी थाली में परोसना चाहिए,



**भिवानी।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज की शाखा सिद्धिधाम में अन्न पर आध्यात्मिक संगोष्ठी में प्रवचन देती बीके सुमित्रा बहन। फोटो : हरिभूमि

क्योंकि आपके द्वारा थाली में डाला गया भोजन आपने पूरा नहीं खाया तो वो डस्टबिन में जाएगा और भोजन का डस्टबिन में जाना अन्न और भगवान का अपमान हैं। भोजन जितना खाना हैं उतना ही डाले, ताकि बचा हुआ भोजन किसी भूखे के पेट की भूख मिटाने का निवाला बन सकें। बीके सुमित्रा बहन ने कहा कि परमपिता परमात्मा ने हमें जीवन दिया है और हमारे लालन-पालन की व्यवस्था एवं जिम्मेदारी भी उन्हीं की है।

कहते हैं भगवान ने चोंच दी हैं तो चूगा जरूर मिलेगा, इसलिए हमें परमात्मा पर विश्वास करके सकारात्मक दृष्टि से अपना कर्म करना चाहिए, उपहार स्वरूप मिले जीवनदायी भोजन का पूरा सम्मान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि खाना बनाते समय केवल परमपिता परमात्मा शिव का ध्यान करना चाहिए, जो सभी जीव जन्तु, मनुष्य मात्र के रचयेता, दुःख हरता-सुख करता, देवो के देव महादेव हैं। स्वयं बिंदु रूप में हैं, मगर गुणों में सिंधु हैं। उन्होंने कहा कि तैयार किए गए भोजन का सबसे पहले परमात्मा को भोग लगाना चाहिए, इसके बाद ही इसे ग्रहण करना चाहिए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर बीके आरती, बीके सुनीता, बीके शारदा, बीके चंद्रकला, बीके सुशील, बीके राजेश, बीके रामनिवास सैय, बीके भीम चौहान बौंदकलां, बीके किरण, बीके सुनील व मीडिया कॉर्डिनेटर बीके धर्मवीर सहित अनेक ब्रह्मावत्स उपस्थित रहे।

# दो उद्घोषित समेत तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी

पुलिस ने रविवार को ऑपरेशन आक्रमण चलाया, जिसमें पुलिस की 20 टीमों ने संदिग्ध जगहों पर दबिश दी। कुछ जगहों पर पुलिस टीमों को सफलता हाथ लगी और अवैध हथियार सहित सट्टा खाईवाली करते आरोपी काबू किए। मुहिम के तहत दो उद्घोषित अपराधियों समेत तीन आरोपियों को काबू किया। पुलिस प्रवक्ता योगेश कुमार ने बताया कि रविवार को जिला पुलिस की तरफ से ऑपरेशन आक्रमण चलाया। पुलिस अधीक्षक ने पर्यवेक्षण अधिकारियों के नेतृत्व में 20 टीमें बनाई, जिनमें 104 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को शामिल किया। टीमों ने हिस्ट्रीशीटर, पीओ, बेल जंपर, नशा तस्कर व अन्य संदिग्धों को चेक किया। सदर पुलिस ने सट्टा खाईवाल को काबू किया। वहीं सीआईए स्टाफ की टीम ने घसोला मोड़ से एक युवक को अवैध



**भिवानी।** पुलिस हिरासत में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

पिस्तौल, चार कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। थाना बौंदकला पुलिस टीम ने मान भट्ठा, साकरोड़ रोड से एक युवक को अवैध पिस्तौल व एक कारतूस के साथ काबू किया।

स्पेशल स्टाफ चरखी दादरी पुलिस टीम ने दो अलग-अलग मामलों में फरार दो उद्घोषित अपराधियों को पकड़ा। पुलिस अधीक्षक अर्श वर्मा ने कहा कि अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए ऐसे ऑपरेशन जारी रहेंगे। जिले में शांति एवं कानून व्यवस्था कायम रखने के लिए अपराध व अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जाएगी। अपराध करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

## फुटपाथ पर अवैध कब्जा, सड़क पर भी सामान

# बाजारों में पीली पट्टी गायब लापरवाही से लग रहा जाम

### नप व यातायात पुलिस के बार-बार समझाने पर भी नियमों की धज्जियां उड़ा रहे दुकानदार

राकेश भटठी ⏭ भिवानी

'हम नहीं सुधरेंगे, चाहे इक्कीस तोप चला दो या गोली से उड़वा दो, चाहे कोड़े तुम लगवा दो या फिर लाठीचार्ज करा दो' किसी शायर की ये चंद लाइनें आपने जरूर सुनीं होंगी, जो अक्सर बाजार में लगने वाले जाम के लिए काफी हद तक जिम्मेदार दुकानदारों पर स्टीक बैठती हैं। जिन्हें प्रशासन लाख बार समझा लें, जागरूक कर लें या चालान काट चेतावनी दे दें, ये चिकने घड़े की तरह हैं, जो कितना भी कुछ कर ले कभी सुधरने का नाम नहीं ले रहें। नप व पुलिस ने घंटाघर चौक से जैन चौक तक बाजार में सड़क पर पीली पट्टी लगा रखी हैं। बावजूद इसके दुकानदार नियमों को ताक पर रखकर सामान को फुटपाथ व सड़क पर रेहड़ी व वाहन खड़े करते हैं।





भिवानी। घंटाघर चौक मार्केट में राहगीरों के पैदल चलने की फुटपाथ पर रखा सामान व उसके आगे सड़क पर लगी रेहड़ी।

### शहर का मुख्य बाजार

शहर का मुख्य बाजार घंटाघर चौक से जैन चौक तक हैं, जहां हमेशा भीड़-भाड़ की वजह से जाम की स्थिति बनी रहती हैं। जहां से पैदल चलना या दुपहिया वाहन लेकर आसानी से नहीं निकल सकते। जिससे मुख्य कारण बाजार में अव्यवस्थाओं का आलम हैं। छुट्टी वाले दिन घंटाघर चौक से सराय चौपटा तक आपको ये बाजार खुला-खुला नजर आएगा, जहां से एक साथ तीन बड़े वाहन लाइनों में दौड़ लगा सकते हैं, लेकिन बाजार खुलने के बाद आप पैदल या दोपहिया वाहन से भी काफी मशक्कत करनी पड़ती है। बाजार में अतिक्रमण हैं। सड़कों पर लगी पीली पट्टी से बाहर सामान रखना व वाहन खड़ा करना नो पार्किंग जोन में आता हैं। फुटपाथ पर कब्जा करने के साथ दुकानदार सड़क पर भी सामान रखने में संकोच नहीं करते। दुकानों के सामने रेहड़ी लगवाकर दुकानदार उनसे किराया वसूलते हैं। जिसस वाहन चालकों तो क्या पैदल चलना भी मुश्किल होता है। अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान फुटपाथ व सड़क अवश्य खाली नजर आते हैं।

### आगजनी होने पर दमकल की गाड़ी व मरीजों के लिए जल्द नहीं पहुंच पाती एंबुलेंस

*घंटाघर चौक से जैन चौक पर बाजार खुलने के बाद इतना तंग रास्ता हो जाता हैं कि वहां से निकलना मुश्किल हो जाता हैं। दुकानदार दुकान का सामान व वाहन सड़क के बीच खड़ा कर देते हैं, जिसके बाद आगजनी होने पर दमकल गाड़ी व मरीजों के लिए एंबुलेंस पहुंचने पर काफी समय लग जाता हैं। भीड़ ज्यादा होने की वजह से कई बार जाम लग जाता हैं और दमकल गाड़ी व एंबुलेंस जाम में फंस जाती हैं।*

### अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाएंगे, पीली पट्टी दोबारा खींचकर नियमों की पालना करवाई जाएगी: भवानी

*अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा और जो दुकानदार नियमों की उल्लंघना करता मिला उसका सामान जब्त किया जाएगा। इसके साथ ही पीली पट्टी के बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों के चालान भी काटे जाएंगे। इसके अलावा बाजार में जहां पीली पट्टी नहीं हैं या मिट चुकी हैं, वहां दोबारा पीली पट्टी खींची जाएगी। उन्होंने दुकानदारों से आह्वान किया कि सामान दुकान के अंदर रखे, फुटपाथ राहगीरों के पैदल चलने के लिए हैं, जिस भी दुकानदार का सामान फुटपाथ पर मिलेगा उसका सामान जब्त किया जाएगा और चालान भी काटा जाएगा।*

*-भवानी प्रताप सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि, नगर परिषद, भिवानी।*

### इन्हें कोई नहीं रोकने और टोकने वाला

*नगर परिषद व यातायात पुलिस द्वारा बाजार की सड़क पर पीली पट्टी बनाई थी, जो उसके बाहर न आने का संकेत देती हैं। दुकानदारों ने अपने फायदे के लिए बनाई गई पीली पट्टी को ही गायब कर दिया। अब दुकानदार धड़ल्ले से सड़क पर अतिक्रमण रहे हैं और कोई पीली पट्टी की हद बताकर रोकने व टोकने वाला नहीं आ रहा। नप व पुलिस ने पीली पट्टी से बाहर सामान व वाहन खड़ा करने पर कार्रवाई की चेतावनी दी थी, इसके बावजूद लापरवाही हो रही हैं।*

### प्रशासनिक लापरवाही से लगता है जाम

*दुकानदार, सब्जी एवं फल की रेहड़ी वाले और वाहन चालक नप व जिला प्रशासन के नियमों की जमकर उल्लंघना कर रहे हैं। उक्त सभी पीली पट्टी से बाहर सामान रखकर व वाहन खड़े करके नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। यह सब पुलिस प्रशासन की सख्ती न होने की वजह से हैं और अक्सर इस कारण जाम भी लगा रहता हैं और राहगीरों को सड़क के बीच चलना पड़ता हैं।*

# शौर्य ने प्राप्त किए 97.4% अंक

- ऋत्विक ने जेईई मेंस में पाए 99.9 फीसदी अंक।
- राजकीय मॉडल संस्कृति के विद्यार्थियों का सम्मान समारोह।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



भिवानी। बेहतरीन परीक्षा परिणाम आने पर मेधावियों के साथ शिक्षक।

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के केंद्रीय विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में स्कूल का परिणाम शत प्रतिशत रहा। प्राचार्य सविता घणघस ने बताया कि कक्षा 10 का शौर्य डागर 97.4 फीसदी अंक लेकर स्कूल में टॉप किया। शौर्य डागर ने आईटी में 100 में से 100, विज्ञान में 100 में से 99 और सामाजिक विज्ञान में 100 में से 99 अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम रहा , रितेश कुमार ने कक्षा दसवीं 95 फीसदी अंक प्राप्त कर गणित जैसे कठिन विषय में 100 में से 99 अंक प्राप्त किया कक्षा 12 में विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। वाणिज्य संकाय का 95 प्रतिशत व कला संकाय का 92 फीसदी परीक्षा परिणाम रहा जबकि कक्षा 12 में विज्ञान संकाय में ऋत्विक पुत्र राजकुमार ने 94.8 फीसदी साथ ही जेईई मेंस परीक्षा में 99.2 परसेंटेज हासिल की। वाणिज्य संकाय में गौरव और रोनित ने 87 प्रतिशत व आर्ट्स संकाय में सिमरन 95 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में अव्वल रहे ,अध्यापकों व विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आने पर नाचते हुए खुशी का इजहार किया।

## अलग-अलग मामलों में 29 आरोपित काबू

**भिवानी।** रविवार को विशेष अभियान चलाकर पुलिस ने विभिन्न अपराधिक मामलों में संलिप्त 29 आरोपियों को धर दबोचने में सफलता हासिल की। ऑपरेशन आक्रमण के तहत चले विशेष अभियान में कुल 52 टीमों का गठन किया गया । जिसमें 240 पुलिस अधिकारी व कर्मचारियों ने कार्यवाही करते हुए अलग-अलग मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ☞ जिला पुलिस ने ऑपरेशन आक्रमण के तहत आबकारी अधिनियम के तहत 10 मामलें दर्ज करके उनमें 12 आरोपियों को गिरफ्तार कर, उनसे 245 बोतल अवैध शराब देशी, 144 बोतल अवैध शराब अंग्रेजी व 948 बोतल अवैध बीयर की बोतलों के साथ गिरफ्तार किया।

## फायरिंग की झूठी सूचना देकर बुलाई पुलिस, केस

**बहल।** सिधनवा गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को गांव में फायरिंग होने व डीजे बजाए जाने की झूठी सूचना देकर गांव में बुला लिया। पुलिस जब मौके पर पहुंची व फोटो लेने लगी तो उसने पुलिस से पीएफटी छीन ली। पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज किया है। शनिवार रात करीब 11 बजे डायल 112 पर ड्यूटी पर तैनात सतपाल सिंह के पास एक कॉल आई जिसमें कॉलर ने बताया कि वो सिधनवा गांव से बोल रहा है। गांव में फायरिंग हुई है और डीजे बज रहा है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची व शिकायतकर्ता राकेश से मिले। पुलिस ने पीएफटी में जब राकेश की फोटो लेने का प्रयास किया तो उसने पीएफटी छीन ली और भागकर अपने घर में घुस गया और घर का दरवाजा बंद कर लिया।

# पारा @44 के पार, सूखे हलक

- गर्मी से हाल बेहाल, मुरझाने लगी फसलें, जीव-जंतु भी परेशान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

कई दिनों तक मौसम के बदलते मिजाज के बाद पिछले तीन दिनों से पारा अनियंत्रित हो गया। सूर्य की तपिश बढने की वजह से पारा 44 डिग्री सेल्सियस पार कर गया। झुलसाने वाली गर्मी की वजह से जीव जंतुओं का हलक सूखने लगा। फसलों व सब्जियों के पौधे की कोपल मुर्झानें लगी हैं। पार्क व अन्य जगहों पर फूलों वाले पौधे सूखने लगे। गर्म हवा (लू के थपेड़ों) ने सभी को बेहाल कर दिया। पारा एकदम बढ़ने व दो दिनों से लू के थपेड़ों की वजह से जन जीवन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। पिछले दो-तीन दिनों से पारे ने ऊंची छलांग लगाई। 40 डिग्री सेल्सियस से बढ़कर एकदम 44 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जिसके चलते धीमी गति से चल रही हवा ने लू का रूप धारण कर लिया।





भिवानी। पार्कों में तेज गर्मी से मुरझाए फूल व पौधे व खेतों में झुलसी ककड़ी की बेल।

### हीटवेव के बने हालात: देवीलाल

कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. देवीलाल ने बताया कि पिछले तीन चार दिनों से लगातार पारा बढ रहा है। हीटवेव के हालात बने है। यह मौसम हर व्यक्ति व जीव के लिए खतरनाक है। खासकर फसलों की नर्सरी, सब्जियों व अन्य छोटी फसलों की समय पर सिंचाई करें। अगर संभव हो तो वे नर्सरी के पौधों को ढक कर रखे। सुबह व शाम के वक्त ही सिंचाई करें। ताकि इन पौधों को हीटवेव से बचाया जा सके। इनके अलावा किसान भी दिन की बजाए सुबह व शाम के वक्त ही खेती के कार्य करें। दोपहरी में आराम करें।

## बलबीर सिंह ने दिया ईमानदारी का परिचय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

गांव सिधनवा निवासी मत्स्य अधिकारी बलबीर सिंह ने ओबरा गांव में एक रेहड़ी पर भूलवश छोड़े गए करीब 22 हजार रुपये व अन्य सामान लौटकर अपनी ईमानदारी का परिचय दिया है। महिला के परिवार ने इसके लिए बलबीर सिंह का आभार जताया है। हुआ यूं कि गांव नूनसर निवासी सज्जन सिंह यादव दिल्ली पुलिस में नौकरी करते हैं। दो दिन पहले उनकी पत्नी सुषमा यादव दिल्ली से ससुराल नूनसर आ रही थी। उसने रास्ते में ओबरा स्टैंड पर एक रेहड़ी पर सामान लिया व अपना पर्स रेहड़ी पर ही भूल गई। कुछ देर बाद मत्स्य अधिकारी बलबीर सिंह उसी रेहड़ी पर सामान लेने पहुंचे। जहां महिला पर्स देख उसने रेहड़ी वाले से पूछा। अनभिज्ञता जताने पर बलबीर सिंह ने पर्स खोला तो उसमें करीब 22000 और कुछ जरूरी कागजात थे। एक कागज पर फोन नंबर था, उस फोन नंबर पर संपर्क किया और महिला को उसके पर्स के बारे में बताया। महिला अपने परिजनों के साथ उसी समय बलबीर सिंह से मिले और अपना पर्स लिया। पर्स मिलने पर सुषमा यादव ने बलबीर सिंह का बहुत ही आभार जताया।




